**भारतीय हॉकी टीम के कोच भी रहे**

एक शानदार हॉकी खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने के बाद बलबीर सिंह भारतीय हॉकी टीम के कोच भी रहे। वह वर्ल्ड कप–1971 में कांस्य और वर्ल्ड कप–1975 जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच थे।



## बलबीर सिंह सीनियर ने देश को गर्व और साहस के कई पल दिए: पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर के निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने अपने अपना शोक संदेश ट्वीट करते हुए लिखा, श्खेलों में उनके यादगार प्रदर्शन को हमेशा याद रखा जाएगा। 95 वर्षीय पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित बलबीर सिंह का सोमवार सुबह चंडीगढ़ में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और काफी समय से हॉस्पिटल में भर्ती थे।

देश को ओलिंपिक खेलों में तीन बार स्वर्ण पदक (1948, 1952 और 1956) दिलाने वाले बलबीर सिंह बाद में हॉकी टीम के मेंटॉर भी रहे। उनके निधन के बाद देश भर में शोक की लहर दौड़ गई। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा, पद्म श्री बलबीर सिंह जी को खेलों में उनके यादगार प्रदर्शन के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। वह देश में खूब सारा गर्व और साहस लाए। वह निसंदेह एक शानदार हॉकी खिलाड़ी थे, उन्होंने मेंटॉर के रूप में भी अपनी खास पहचान गढ़ी। उनकी मृत्यु से गहरा दुख पहुंचा है। उनके परिवार और उनके चाहने वालों को मेरी संवेदनाएं।

# बगैर दर्शकों के ही सही लेकिन आईपीएल होना चाहिए: धवन

**क्रिकेट**

## भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 4000 करोड़ का नुकसान होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्रिकेट फैन्स के लिए इन दिनों लाख टके का सवाल यही है कि क्या इस बार इंडियन प्रीमियर लीग 2020 का आयोजन होगा? आईपीएल हुआ तो फिर टी20 वर्ल्ड कप का क्या होगा? क्या दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट लीग ऑस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड कप शेड्यूल से इसे रिप्लेस कर सकेगी? अगर इस साल आईपीएल का आयोजन नहीं होता है तो इससे भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 4000 करोड़ का नुकसान होगा। अगर आईपीएल को भारत सरकार से हरी झंडी मिल भी जाती है, तो भी क्या यह टूर्नामेंट हर बार की तरह देश के अलग–अलग शहरों में आयोजित हो पाएगा या फिर कहीं विदेश में आयोजित होगा।

घातक कोरोना वायरस के वैश्विक संक्रमण के चलते भारतीय क्रिकेटर्स



बीते दो महीनों से अपने घरों में कैद हैं। अब वे भी कुछ क्रिकेट ऐक्शन के लिए छटपटा रहे हैं। टीम इंडिया के ओपनिंग बल्लेबाज शिखर धवन ने गुड़गांव के अपने घर से श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी एंजेलो मैथ्यूज से वेब चैट के दौरान यह उम्मीद जताई की आईपीएल का आयोजन इस साल संभव है।

टीम इंडिया के गब्बर ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो यह पूरी दुनिया में पॉजिटिविटी का संचार करेगा। धवन ने कहा, उम्मीद है कि इस साल आईपीएल का आयोजन होगा। अगर ऐसा होता है तो यह अच्छा होगा... बिल्कुल इसके लिए हमें अपनी सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का ध्यान रखना होगा और कोरोना के खिलाफ जो भी सुरक्षा के मानक हैं उनका पालन भी करना होगा।

इस लेफ्टहैंडर बल्लेबाज ने कहा, इसका आयोजन होना ही चाहिए क्योंकि यह हमारे (भारत) लिए अच्छा होगा। यह दुनिया भर में सकारात्मकता का संचार करेगा। अभी हम देखें तो हमें सिर्फ और सिर्फ कोरोना से जुड़े समाचार मिलते हैं। ऐसे में यब बहुत जरूरी है कि खेल गतिविधियां एक बार फिस से शुरू हों, जिससे की यह निराशाजनक वातावरण बदला जा सके।

34 वर्षीय इस बल्लेबाज ने कहा, एक बार जब हम मैदान पर वापसी करेंगे तो हम सभी अपने प्रदर्शन को लेकर भूखे होंगे और अपनी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। यह सभी के लिए बेहतर साबित होगा। जब हम खेलते हैं तो हमेशा अच्छा ही महसूस करते हैं। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के इस बल्लेबाज ने कहा, बिना दर्शकों के आईपीएल खेलना कोई आदर्श स्थिति तो नहीं होगी, लेकिन अगर ऐसे ही खेल दोबारा शुरू हो सकते हैं तो हम इसके लिए तैयार हैं।

# भारत की लिए टी–20 खेलने को तैयार हूं : हरभजन सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अनुभवी ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि वह अभी भी भारत के लिए खेल सकते हैं। जुलाई में 40 साल के होने वाले इस खिलाड़ी ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टीम के साथ टी–20 प्रारूप में खेलने को तैयार हैं।

हरभजन ने कहा है कि वह आईपीएल में खेल रहे हैं और इसलिए देश के लिए टी–20 खेल सकते हैं। आईपीएल में हरभजन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज हैं। उन्होंने अभी तक 150 विकेट अपने नाम किए हैं।

हरभजन ने भारत के लिए अपना अंतिम मैच 2016 में एशिया कप में खेला था। वेबसाइट

■हरभजन ने भारत के लिए अपना अंतिम मैच 2016 में एशिया कप में खेला था

ईएसपीएनक्रिकइंफो ने हरभजन के हवाले से लिखा है, 'मैं तैयार हूं। अगर मैं आईपीएल में अच्छी गेंदबाजी कर सकता हूं... जो गेंदबाजों के लिए काफी मुश्किल है क्योंकि मैदान काफी छोटे होते हैं, और दुनिया के सभी बड़े खिलाड़ी आईपीएल में खेलते हैं। उनके खिलाफ गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है। अगर आप उनके खिलाफ आईपीएल में अच्छा कर सकते हो तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अच्छा कर सकते हो।'

39 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि वह इस बात से काफी दुखी हैं कि आईपीएल में अच्छा



करने के बाद भी चयनकर्ता उन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वे लोग मरी तरफ नहीं देख रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि मैं काफी बूढ़ा हो चुका हूं। साथ ही मैं घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहा।

बीते चार–पांच साल में उन्होंने मेरी तरफ देखा भी नहीं है जबकि मैं आईपीएल में काफी अच्छा कर रहा हूं, विकेट ले रहा हूं और मेरे साथ मेरे रेकॉर्ड हैं।'

## टीम इंडिया में बेस्ट फील्डर कौन? सुरेश रैना ने अजिंक्य रहाणे को चुना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मौजूदा भारतीय टीम में अगर मैदान पर सबसे चुस्त और चौकस फील्डर की बात की जाए तो इस फेहरिस्त में आप शायद रवींद्र जडेजा का नाम लेंगे। लेकिन टीम इंडिया के सीनियर बल्लेबाज सुरेश रैना की राय इससे अलग है। रैना से जब टीम इंडिया के मौजूदा बेस्ट फील्डर पर सवाल किया गया तो उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे का नाम लिया। सुरेश रैना स्पोर्ट्सस्क्रीन के साथ एक इंटरव्यू में मौजूद थे। इस दौरान उनसे भारतीय टीम के बेहतरीन फील्डर पर सवाल किया गया। रैना से पूछा गया कि उनकी राय में मौजूदा टीम इंडिया में बेस्ट फील्डर कौन है? इस पर रैना ने कहा, श्अजिंक्य रहाणे की कैचिंग स्किल से मैं बहुत प्रभावित हूं। उनकी कैचिंग स्किल्स और फील्डिंग के दौरान उनकी बॉडी लैंग्वेज बेहद शानदार रहती है। मैं उनकी फील्डिंग की पोजिशन को काफी पसंद करता हूं। उनके पास एक अलग तरह की ताकत है, जब वह मूव करते हैं तो थोड़ा झुक जाते हैं। यह दूसरे खिलाड़ियों से जरा हटकर है। रहाणे प्रैक्टिस में भी इन बातों का ध्यान रखते हैं, जिससे मैच में ऐसी स्थितियां उनके लिए आसान हो जाएं।

## न्यूज डायरी



## बलबीर सिंह सीनियर के दो गोल, तिरंगा और राष्ट्रगान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत अपनी आजादी की पहली वर्षगांठ मनाने से महज 72 घंटे दूर था। देश से 7,000 किलोमीटर दूर लंदन के वेंबले स्टेडियम के नरम हरी घास वाली सतह पर देश के 11 खिलाड़ी अपने पूर्व शासक ब्रिटेन को पानी–पानी कर रहे थे। ये अलग तरह का युद्ध था। मौका था 1948 का पुरुष ओलिंपिक हॉकी फाइनल का। भारतीय खिलाड़ियों के सधे पास और चपलता का अंग्रेज खिलाड़ी कोई तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे थे। इससे पहले भारत के खिलाफ खेलने से इनकार करने वाले ब्रिटेन नाको चने चबा रहा था। इस मैच में एक दुबले–पतले लड़के ने इंग्लिश खिलाड़ियों को उनकी औकात बता दी थी। भारत ने मैच के आखिर में गोरो का घमंड तोड़ते हुए 4.0 से करारी मात देते हुए अपना लगातार चौथा ओलिंपिक गोल्ड जीत लिया था। भारतीय तिरंगा शान के साथ आसमान में लहरा रहा था। हॉकी के एक नए सितारे का जन्म हो चुका था। नाम था बलबीर सिंह सीनियर।

## विराट कोहली और स्टीव स्मिथ जैसा बनने के करीब है बाबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक का मानना है कि बाबर आजम का विश्वस्तरीय बल्लेबाज बनना तय है। वह भारतीय कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ जैसा बनने के बेहद करीब हैं। मिसबाह ने यूट्यूब चैनल क्रिकेट बॉज को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे तुलना पसंद नहीं है लेकिन बाबर अभी विराट कोहली, स्टीव स्मिथ या जो रूट जैसा बल्लेबाज बनने के बेहद करीब है। उन्होंने कहा, वह अपने काम पर पूरा ध्यान देते हैं और अगर आप कोहली से बेहतर बनना चाहते हैं तो आपको अपने कौशल, फिटनेस और खेल पर उनसे कड़ी मेहनत करनी होगी। 25 वर्षीय बाबर को पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलियाई सीरीज से पहले पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। अब उन्हें वनडे टीम की कमान भी सौंप दी गई है। मिसबाह ने कहा, हमने प्रयोग के तौर पर उन्हें टी20 कप्तान बनाया था। हम देखना चाहते थे कि वह इस चुनौती को कैसे स्वीकार करते हैं।

## पिता ने कहा, ज्योति ट्रायल के लिए तैयार लेकिन पढ़ाई पहली प्राथमिकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। साइकिल पर अपने बीमार पिता को बैठाकर गुरुग्राम से बिहार के दरभंगा तक की 1200 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली 15 साल की ज्योति कुमार पासवान ने भारतीय साइकिल महासंघ से मिले ट्रायल के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उनकी पहली प्राथमिकता हालांकि 10वीं की पढ़ाई को पूरा करना है। ज्योति के पिता मोहन पासवान ने दरभंगा के सिरहुल्ली से पीटीआई–भाषा को बताया, 'लॉकडाउन खत्म होने के बाद हम निश्चित तौर पर उसे ट्रायल के लिए भेजेंगे। उसका नौवीं कक्षा में एक दिन पहले ही नामांकन हुआ है। फिलहाल हम चाहते हैं कि वह 10वीं की पढ़ाई पूरी करे।' ज्योति के पिता गुरुग्राम में रिक्शा चलाते थे और उनके दुर्घटना का शिकार होने के बाद वह अपनी मां और जीजा के साथ गुरुग्राम आई थी। फिर पिता की देखभाल के लिए वहीं रुक गई। इसी बीच कोविड–19 के कारण लॉकडाउन की घोषणा हो गई और ज्योति के पिता का काम ठप्प पड़ गया।

## ब्रिटिश मॉडल के आरोप, दिग्गज धावक उसेन बोल्ट मांगते थे अश्लील फोटो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। धरती के सबसे तेज धावक उसेन बोल्ट पर एक ब्रिटिश मॉडल ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। शारी हैलीडे नाम की ब्रिटिश मॉडल ने कहा है कि बोल्ट उनसे अश्लील फोटो मांगते थे। इतना ही नहीं, इस मॉडल ने यहां तक दावा किया कि अपनी बेटी के जन्म से दो दिन पहले बोल्ट ने उनसे तस्वीरें मांगी थीं। ओलिंपिक गेम्स में 8 गोल्ड मेडल जीतने वाले बोल्ट हाल में एक बेटी के पिता बने हैं। उन्होंने इससे पहले अपनी पार्टनर केसी बेनेट के साथ एक तस्वीर भी शेयर की थी, जिसमें उनकी पत्नी का बेबी बंप नजर आ रहा था। द सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शारी ने कहा कि वह कुछ समय से बोल्ट के लगातार संपर्क में थीं।